Downloaded from www.studiestoday.com

**विषय–५**

यायावर साम्राज्य

अर्थ

यायावर समूहों द्वारा निर्मित साम्राज्य मंगलोने तेरहवीं और चौंदहवीं शताब्दी में पारमहाद्वीपीय साम्राज्य की स्थापना चंगेज खान के नेतृत्व में की थी। उसका साम्राज्य यूरोप और एशिया महाद्वीप तक विस्तृत था।

**संस्थापक**

चंगेज खान

!

जीवन–वृत

–११६२ में जन्म

–पिता की अल्पायु में ही हत्या

–चीन, रूस, समरकंद हेरात पर विजय

–१२२७ में मृत्यु

**पृष्ठभूमि**

पशुपालक

शिकार संग्राहक

समाज पितृपक्षीय वंशों मेंविभाजित था

**देन**

- पारमहाद्वीपीय साम्राज्य का गठन
- सामाजिक संगठन
- राजनैतिक संगठन
- सैनिक संगठन
- पारमाहाद्वीपीय व्यापार, मार्कोपोलो आकृष्ट हुए।
- बहु–जातीय, बहु–भाषी, बहुधार्मिक शासन
- मुगलों के लिए आदर्श शासन–प्रणाली प्रस्तुत किए।

स्त्रोत : रशीद अल–दीन इतिवृत्त–रेशम मार्ग, चीन की महान दीवार।

परिवार वृक्ष चंगेज खान का— पृष्ठ सं० ११६ (पाठ्य पुस्तक)

काल रेखा – पृष्ठ सं० एवं ११३। (पाठ्यपुस्तक)

रूसी नियंत्रण के बाद, मंगोलिया एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। चंगेज खान को एक महान राष्ट्र–नायक के रूप में लिया है। अतीत की स्मृतियों को जागृत कर राष्ट्र की पहचान बनाने की दिशा में शक्ति प्रदान करने के साथ–साथ राष्ट्र को भविष्य की ओर ले जाएगा।

ब्रिटिश साम्राज्य, मौर्य साम्राज्य, मुगल साम्राज्य से मंगोल साम्राज्य की तुलना।

—मुगलों को आदर्श शासन–प्रणाली प्रदान।

तैमूर ने, जो एक विश्वव्यापी राज्य की आकांक्षा रखता था, अपने को राजा घोषित करने में संकोच अनुभव किया, क्योंकि वह चंगेज खान का वंशज नहीं था।



Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

सामाजिक संगठन :
यायावर समाज में प्रत्येक तंदूरूस्त व्यस्क सदस्य हथियारबंद होते थे। समाज में सत्ता को स्वेच्छा से स्वीकार करने वाले तुर्की मूल के उइगुरु समुदाय के लोग, कोराइटों जैसे पराजित लोग शामिल थे। यह एक विशाल बिषमजातीय संगठन है।
राजनैतिक संगठन :
चंगेज खान ने अपने नव–विजित लोगोंपर शासन करने का उत्तरदायित्व अपने चार पुत्रों को सौंप दिया। चंगेज खान का यह विचार था कि उसके पुत्र परस्पर मिलजुल कर साम्राज्य का शासन करेंगें। परिवार के सदस्यों मे राज्य की भागीदारी का बोध सरदारों की परिषद (किरिलताई) में होता था जिसमें परिवार या राज्य के भविष्य के निर्णय, अभियानों, लूट के माल का बंटवारा, चरागाहभूमि और उत्तराधिकार यादि के समस्त निर्णय, समूहिक रूप से लिए जाते थे। हरकारा पद्धति के द्वारा दूरदराज के स्थानों में परस्पर सम्पर्क रखा जाता था। कुवकुर एक उगाही था जो यायावर लोग अपनी स्वेच्छा से प्रदान करते थे जिससे उन्हें अनेक लाभ प्राप्त होते थे।
सैनिक संगठन :
सेना स्टेपी क्षेत्रों की पुरानी दशमलव पद्धति के अनुसार गठित की गई। जो दस, सौ,हजार और (अनुमानित) दस हजार सैनिकों की इकाई में विभाजित थी। उसने प्रचीन जनजातीय समूहों को विभाजित कर उनके सदस्यों को नवीन सैनिक इकाईयों में विभक्त कर दिया। उस व्यक्ति को जो अपने अधिकारी से अनुमति लिए बिना बाहर जाने की चेष्टा करता था, उसे कठोर दंड दिया जाता था। सैनिकों की सबसे बडी इकाई लगभग दस हजार की थी। नई सैनिक टुकडियों को जो उसके चार पुत्रों के अधीन थीं और विशेष रूप से चयनित कप्तानों के अधीन कार्य करती थीं।
कुंजी शब्द :
बर्बर : यह शब्द यूनानी भाषा के 'बारबरोस' शब्द से उत्पन्न हुआ है। जिसका तात्पर्य गैर–यूनानी लोगों से है जिनकी भाषा यूनानियों को बेतरतीब कोलाइल ''बर–बर के समान लगती थी। निष्ठुर, लालची और स्वशासन चलाने में असमर्थ थे।
तामा : विभिन्न राजुमारों के लिए अलग–अलग सैन्य टुकडियां।
किरिलताई : सरदारों की परिषद में परिवार या राज्य के भविष्य के निर्णय, अभियानों , लूट के माल का बंटवारा, चरागाह भूमि और उतराधिकार आदि के समस्त निर्णय समूहिक रूप से लिए जाते थे।
आंडा : चंगेज खान का सगा भाई।
नौकर : नौकर का पद लोगों का अपने स्वामी के साथ गहरा संबंध दर्शाता था।
कनल : भूमिगत नहर



Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

कुवकरु कर : इस उगाही को यायावर लोग अपने स्वेच्छा से प्रदान करते थे, जिससे उन्हें अनेक लाभप्राप्त होते थे।

आदर्श प्रश्न :

२ अकं वाले प्रश्न

१। बर्बर शब्द से आप क्या समझते हैं ?

२। चंगेज खान के दो सैनिक कौशल के बारे में लिखिए ?

३। 'यास' से आप क्या समझते हैं ?

४। चंगेज खान की दो उपलब्धियों के बारे में लिखिए ?

५। चीन की महान दीवार को क्यों बनया गया था ?

५ अंक वाले प्रश्न

१। यायावर समाज के बारे में वर्णन कीजिए ?

२। मंगोलों द्वारा किए गए विनाश का आकलन कीजिए ?

३। मंगोलों के लिए व्यापार क्यों महत्त्वपूर्ण था ?

४। चीन की महान दीवार के बारे में वर्णन कीजिए ?

५। चंगेज खान के सैनिक प्रणाली के बारे में लिखिए ?

१० अंक वाले प्रश्न

१। चंगेज खान के उपरांत मंगोलों की महत्त्वपूर्ण घटनाएं क्या थीं ?

२। चंगेज खान की प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में लिखिए।

३। चंगेज खान की कानून संहिता का वर्णन कीजिए ?

आदर्श उत्तर :

२ अंक के प्रश्न एवं उत्तर

१। चंगेज खान की दो उपलब्धियाँ लिखिए।

उत्तर: क) उसने मंगोलों को संगठित किया और समय से चली आ रही कबीलाई लडाइयों से मुक्ति दिलवाई।

ख) एक शानदार पारमहाद्वीपीय साम्राज्य बनाया।

५अंक के प्रश्न एवं उत्तर

१। चंगेज खान की सैनिक प्रणाली के बारे में लिखिए ?

उत्तर: क) उसकी सेना स्टेपी-क्षेत्रों की पुरानी दशमलव पद्धति के अनुसार गठित की गई।



Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

ख) प्राचीन जनजातीय समूहों को विभाजित कर उनके सदस्यों को नवीन सैनिक इकाईयों में विभक्त कर दिया।

ग) जो व्यक्ति अपने अधिकारी से अनुमति लिए बिना बाहर जाने की चेष्टा करता था, उसे कठोर दंड दिया जाता था।

घ) सबसे बडी सैनिक इकाई १०,००० सैनिकों की थी।

ङ) नवीन सैनिक टुकडियाँ चार पुत्रों के अधीन थीं और विशेष रूप से चयनित कप्तानों के अधीन कार्य करती थीं।

१० अंक के प्रश्न एवं उत्तर

१। चंगेज खान की प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में लिखिए।

उत्तरः क) चंगेज खान ने अपने नव-विजित लोगों पर शासन करने का उत्तरदायित्व अपने चार पुत्रों को सौंप दिया।

ख) उलुस का गठन हुआ।

ग) चंगेज खान का विचार था कि उसके पुत्र परस्पर मिलजुल कर साम्राज्य का शासन करें।

घ) विभिन्न राजकुमारों के लिए अलग-अलग सैन्य टुकरियाँ (तामा) निर्धारित कर दीं।

ङ) परिवार के सदस्यों में राज्य की भागीदारी का बोध।

च) किरिलताई में परिवार या, राज्य के भविष्य के निर्णय, अभियानों, लूट के माल का बंटवारा, चरागाह भूमि और उत्तराधिकार आदि के निर्णय समूहिक रूप से लिए जाते थे।

छ) एक हरकारा पद्धति रखी थी।

ज) बलवान घोडे और घुडसवार संदेशवाहक तैनात रहते थे।

झ) कुवकुर कर देते थे।

ञ) हरकारा पद्धति (याम) में सुधार लया गया।

उद्धरण आधारित प्रश्न

यास

१२२१ में बुखारा ............................ के अनुसार था।(पृ० सं० -१२०)

१। चंगेज खान ने कब यास का प्रचलन किया? २

उत्तरः १२२१ ई० में

२। उत्सव मैदान में कौन एकत्रित थे ? २

उत्तरः अमीर मुसलमान



Downloaded from www.studiestoday.com


Downloaded from www.studiestoday.com

३।  अब्दुल्लाह खान कौन था ?  २

उत्तरः  चंगेज खान के सबसे बड़े पुत्र जोची के एक दूर का वंशज।

४।  उसके इतिहासकार कौन थे ?  २

उत्तरः  हफीज–ए–तानीश।






Downloaded from www.studiestoday.com